अब तक 716 पशुपालक गोधन न्याय योजना के अंतर्गत करा चुके हैं अपना पंजीयन, गोबर खरीदी केंद्रों का जायजा लेने पहुंचे आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर ले रहे हैं फीडबैक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गोधन न्याय योजना के तहत चार गोबर खरीदी केंद्र वर्तमान में संचालित है! गोबर खरीदी केंद्रों में अब तक 716 पशुपालक अपना पंजीयन गोबर बेचने के लिए करा चुके हैं! गोबर खरीदी केंद्रों का जायजा निगमायुक्त स्वयं ले रहे हैं और दिए गए निर्देशों का गोबर खरीदी केंद्रो में पहुंचकर फीडबैक भी जोन के अधिकारियों से प्राप्त कर रहे हैं! आयुक्त श्री रघुवंशी ने आज जोन क्रमांक 1, जोन क्रमांक 2 एवं जोन क्रमांक 4 स्थित गोबर खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया, उन्होंने वर्मी कंपोस्ट के सभी टंकियों को पूर्ण रूप से भरने के निर्देश दिए और वर्मी कंपोस्ट बनने के बाद टंकियों में गोबर भरने की प्रक्रिया दोहराते हुए निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए! केंचुआ पालन की स्थिति का जायजा लिया, निर्मित हो रहे वर्मी कंपोस्ट की क्वालिटी देखी, केंचुआ को अनुकूल माहौल देने के साथ ही इसके देखरेख के निर्देश दिए! गोबर खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन की गोबर खरीदी की मात्रा और गोबर खरीदी के लिए लगाए गए वजन तोलने की मशीन की जानकारी ली! आयुक्त महोदय ने दीपावली त्यौहार को देखते हुए गोधन खरीदी केंद्रों में गोबर से दीया बनाने के निर्देश दिए हैं! दीया के साथ ही महिलाएं ग्वालिन माता एवं श्री लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा बना रही है! जोन क्रमांक 1 अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गोबर खरीदी केंद्र में भी दीया बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, 35 की संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं यह कार्य कर रही है! इसके साथ ही गोबर से मच्छर अगरबत्ती एवं धूपबत्ती भी तैयार कर रही है! खुर्सीपार स्थित गोबर खरीदी केंद्र में आयुक्त महोदय ने दीया की क्वालिटी एवं डेकोरेटिव कार्य को गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए हैं! इसके साथ ही कंपोस्ट पिट बढ़ाने, गोबर कंडा निर्माण कार्य में तेजी लाने, वर्मी कंपोस्ट हेतु ग्रीन बेड के लिए स्थल व्यवस्था, शेड निर्माण, गोबर खरीदी केंद्रों के स्थलों का समुचित उपयोग, स्लरी को एकत्रित कर उचित उपयोग, वर्मी कंपोस्ट बनने के बाद इसका गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए हैं! निरीक्षण के दौरान गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी अशोक द्विवेदी मौजूद रहे!